News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-140

पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

# बिहार सिटी चीफ



**आज का विचार**

यदि आप प्रयास करने जा रहे हैं, तो पूरी कोशिश करें। अन्यथा, शुरू भी न करें।

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, शनिवार 24 अगस्त 2024

सम्पूर्ण भारत में चर्चित हिन्दी अखबार

### JDU की प्रदेश कमिटी भंग

## विधानसभा चुनाव को लेकर नए सिरे से होगा गठन, युवा चेहरों को मिलेगा मौका



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पटना, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अभी हाल ही में जेडीयू के वरिष्ठ नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेवारी दी है. 29 राज्यों में प्रभारी के तौर पर नियुक्त किया है तो वहीं अब जदयू प्रदेश कमिटी को भी नया रूप देने की तैयारी शुरू हो गई है. सीएम के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने 60 सदस्यीय प्रदेश कमिटी और राजनीतिक सलाहकार समिति को आज भंग कर दिया है. उमेश कुशवाहा ने तीन लाइन का लेटर इससे संबंधित जारी किया है. जेडीयू प्रदेश कमिटी में 6 प्रदेश उपाध्यक्ष, 24 प्रदेश महासचिव, 26 सचिव एवं 4 प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत किए गए थे. आरसीपी सिंह के समय 33 प्रकोष्ठ का गठन किया गया था लेकिन आरसीपी सिंह के जाने के बाद ललन सिंह ने जब राष्ट्रीय अध्यक्ष की कुर्सी संभाली तो सभी प्रकोष्ठ को भंग कर दिया था और केवल 12 प्रकोष्ठ का गठन किया गया था. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर 60 सदस्य प्रदेश कमिटी बनाई गई थी और उसके बाद फिर सभी जिला में प्रदेश राजनीतिक सलाहकार की नियुक्ति भी की गई थी. आज प्रदेश कमिटी के साथ प्रदेश राजनीतिक सलाहकार समिति को भी भंग कर दिया गया है. ऐसे में अब नए सिरे से प्रदेश कमिटी का गठन किया जाएगा.

बिहार में प्रशांत किशोर 2025 के विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रहे हैं. 2 अक्टूबर को वह अपनी पार्टी लॉन्च करेंगे. साथ ही विपक्ष भी 2025 विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग गया है. इसको देखते हुए ही नीतीश कुमार ने प्रदेश कमिटी को मुकाबले के लिए तैयार करने की रणनीति तैयार की है. उसी के तहत फिलहाल वर्तमान कमिटी को भंग किया गया है. प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि जल्द ही नई कमिटी की घोषणा हो जाएगी.

पार्टी के अंदर चर्चा यह भी है मनीष वर्मा पिछले कई दिनों से पार्टी कार्यालय में विभिन्न कमिटियों के साथ बैठक की थी. मनीष वर्मा ने नेताओं से मिले फीडबैक के बाद मुख्यमंत्री को रिपोर्ट दी थी और उसके बाद ही मुख्यमंत्री ने यह फैसला लिया है. माना जा रहा है कि 2025 के विधानसभा चुनाव को लेकर नई प्रदेश कमिटी में पार्टी के युवा चेहरे को जगह दी जाएगी. साथ ही दूसरे दल से आने वाले लोगों को भी स्थान दिया जाएगा. इसके अलावा कमिटी में पहले से जो लोग अच्छा काम कर रहे हैं, उन्हें फिर से मौका मिलेगा.

### वीडियो कॉल पर कपड़े उतारने लगी लड़की

## जाल में फंसे जिला कल्याण पदाधिकारी, ऐंठे रुपये

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

खगड़िया, खगड़िया जिले में इन दिनों अश्लील वीडियो बनाकर बड़े-बड़े नामचीन लोगों को निशाना बनाया जा रहा है. इसी कड़ी में जिला कल्याण पदाधिकारी खगड़िया को भी अश्लील वीडियो मामले में साइबर ठगों ने चंगुल में ले लिया और रुपए की ठगी की. जब रुपए की डिमांड बढ़ने लगी तो जिला कल्याण पदाधिकारी के द्वारा साइबर थाने में साइबर ठगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है.

बिहार पुलिस के साइबर सेल के द्वारा बार बार लोगों को आगाह किया जाता है कि सोशल नेटवर्क प्लेटफार्म पर वह किसी अनजान व्यक्ति से संपर्क नहीं बनाए. यदि आप बनाते हैं तो ठगी के शिकार हो सकते हैं, लेकिन खगड़िया के




जिला कल्याण पदाधिकारी ने यही गलती कर दी. जिसका खामियाजा उन्हे भुगतना पड़ रहा है. हजारो रुपये ऑनलाइन देने के बाद भी ब्लैकमेलिंग बंद नहीं हुई तो फिर अधिकारी के द्वारा साइबर थाने में जाकर प्राथमिकी दर्ज करवाई गयी है.

खगड़िया के जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि फेसबुक के मैसेंजर एप पर 14 अगस्त को रात में मनीषा शर्मा नाम की लड़की का वीडियो कॉल आया जिसे रिसीव करने के बाद लड़की अपने कपड़े उतारने लगी और मुझे भी बार-बार वैसे ही हरकत करने के लिए कहने लगी. कुछ देर के बाद मेरे व्हाट्सएप पर एक वीडियो भेजकर ब्लैकमेल करने लगी. मुझसे रुपये की डिमांड की. घबराकर मैंने रात में दो हजार रुपया फोन पे पर भेज दिया. इसके बाद भी दो हजार पांच रुपये भेज दिये. इतना ही नहीं फिर 15 अगस्त को साइबर ठगों ने 16 हजार 100 रुपया जल्द भेजने की डिमांड कर दी. रुपये नहीं देने पर वीडियो गूगल पर अपलोड करने की धमकी दी. जिसके बाद शनिवार को साइबर थाना में जाकर प्राथमिक दर्ज करवाई गई है. प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने अनुसंधान शुरू कर दिया है.- जिला कल्याण पदाधिकारी

**नोट** - किसी अनजान लड़की की मीठी बातों में खोकर पैसे ना दें द्य साइबर अपराध से सम्बंधित शिकायत दर्ज करने के लिए आप नजदीकी साइबर थाना, NCRP पोर्टल या 1930 डायल करें

### असम में तैनात SDO बिहार से लापता

## देवघर जाने के लिए निकले थे एक महीना बाद भी नहीं लौटे घर

**जमुई**। असम से देवघर जाने के लिए श्रद्धालुओं के जत्था के साथ रवाना हुए बीएसएनएल के एसडीओ रहस्यमय तरीके से लापता हो गए हैं। बिहार के रहने वाले एसडीओ असम में तैनात हैं और जलाभिषेक करने के लिए असम से देवघर के लिए निकले थे लेकिन एक महीना बीत जाने के बाद भी वह वापस घर नहीं लौटे हैं।

दरअसल, शनिवार को बेलहर थाना की पुलिस बीएसएनल में एसडीओ के पद पर असम में कार्यरत विजय कुमार प्रसाद को ढूंढते ढूंढते जमुई पहुंच गई। विजय कुमार प्रसाद बीते 24 जुलाई से लापता है। जिसको लेकर उनके परिजन परेशान है। लापता बीएसएनएल के एसडीओ विजय कुमार प्रसाद मुजफ्फरपुर के मोहद्दीपुर थाना सकरा के रहने वाले हैं। बताया जाता है कि विजय कुमार प्रसाद असम से देवघर जाने के लिए निकले थे। सुल्तानगंज पहुंचने के बाद वह जल भरकर पैदल बाबाधाम के लिए निकल गए और बेलहर थाना क्षेत्र के जिलेबिया मोड़ के पास से वह लापता हो गए। जिसकी जानकारी



परिजनों के द्वारा बेलहर थाने की पुलिस को लिखित रूप से दी गई। इस दौरान पुलिस को यह सूचना मिली कि लापता एसडीओ विजय कुमार प्रसाद जमुई के भाटचक गांव में देखे गए है।

बेलहर पुलिस लापता एसडीओ के भांजे के साथ उसे ढूंढने के लिए जमुई पहुंच गई। यहां भी लापता एसडीओ का कोई सुराग नहीं मिला। मामले की जानकारी देते एसडीओ के भांजा चितरंजन कुमार ने बताया कि विजय कुमार प्रसाद असम राज्य में बीएसएनएल में एसडीओ के पद पर कार्यरत हैं। वह असम के न्यू बंगाल गांव से देवघर जाने के लिए सुल्तानगंज पहुंचे थे, जहां से वह जल लेकर देवघर जा रहे थे। तभी बेलहर थाना क्षेत्र के जिलेबिया मोड़ के पास से वह लापता हो गए।

उन्होने बताया कि आखिरी बार 24 जुलाई को 1¬30 पर लापता एसडीओ से बात हुई थी। जमुई के जिलेबिया मोड़ में होटल चलाने वाले ने एसडीओ को भाटचक गांव में देखे जाने की बात परिजनों को बताई थी। पुलिस के साथ भाटचक गांव में जाकर पता किया गया लेकिन कुछ पता नहीं चला। कुछ लोगों का कहना है कि उनको चोट लगी थी। परिजन महीने से उन्हें ढूंढ रहे हैं लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस पूरे मामले पर कुछ भी बोलने से परहेज कर रही है।

### सिमुलतला आवासीय स्कूल में हंगामा

## शिक्षक और स्टूडेंट आमने-सामने, छात्रों ने घंटों किया बवाल, लगाए ये गंभीर आरोप

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

जमुई, जमुई स्थित सिमुलतला आवास विद्यालय में शिक्षक और छात्र फिर एक बार आमने-सामने आ गए और बच्चों ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ जमकर हंगामा मचाया। मोबाइल फोन को लेकर छात्रों ने हंगामा किया। इस दौरान एक छात्र भी घायल हो गया। बच्चे डीएम को बुलाने की मांग पर अड़े रहे और स्कूल परिसर में ही धरना पर बैठ गए। घटना की जानकारी मिलते ही सिमुलतला पुलिस एवं एसएसबी के जवान स्कूल पहुंच कर बच्चो को समझाने में जुटी रहे। दरअसल, स्कूल में बच्चों को मोबाइल रखने कि अनुमति नहीं है। कोई बच्चा मोबाइल इस्तेमाल तो नहीं कर रहा है, इसकी जांच समय समय पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा किया जाता है। जांच के दौरान शिक्षकों को छात्र-छात्राओं के भारी विरोध का सामना करना पड़ता है। कई छात्र छात्राओं का कहना था कि एसेंबली में देरी के कारण उनके साथ मारपीट की गई है। बच्चों का आरोप है कि शिक्षक उनके साथ रॉड से मारपीट करते हैं। हालांकि यह भी कहा जा रहा है कि स्कूल में किसी बच्चे के जन्मदिन की पार्टी थी। बर्थडे पार्टी के दौरान बच्चे जमकर उत्साह मनाने की बात प्रकाश में आई है। घायल बच्चे के इलाज के बाद लौटे प्रभारी प्राचार्य सुनील कुमार ने गेट के पास बैठे बच्चों को हिदायत देते हुए विद्यालय में लौटने की बात कही। बच्चे विद्यालय की और लौट रहे थे, तभी एक बच्चे के साथ प्रभारी प्राचार्य के साथ कहासुनी के बाद बच्चे पुनः धरने में बैठ गए।

### शराब पार्टी में खलल पड़ी तो बदमाशों ने खेला खूनी खेल

## पड़ोसी शख्स की पीट-पीटकर बेरहमी से ले ली जान

**मुजफ्फरपुर**। बिहार में शराबबंदी कानून लागू होने के बावजूद शराब के शौकीन लोग शराब पीने से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला मुजफ्फरपुर से सामने आया है, जहां शराब पार्टी कर रहे बदमाशों ने पार्टी में खलल पड़ने पर एक बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या कर दी। बदमाश छत पर छीपकर शराब पार्टी कर रहे थे और बच्चों ने उन्हें देख लिया और शोर मचा दिया, जिससे नाराज होकर बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दे डाला।

दरअसल, यह पूरा मामला अहियापुर के दादर कोल्हुआ गांव का है, जहां बदमाशों ने 70 वर्षीय बिंदा लाल साह की पीट-पीटकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि आरोपी शिवनारायण साह, विकास और कुंदन अपने कुछ साथियों के साथ पड़ोस के पुराने मकान में शराब पार्टी कर रहे थे। इसी दौरान बिंदा लाल के बेटे धर्मेन्द्र का बेटा अंश छत पर कपड़ा उतारने के लिए गया था। अंश की नजर शराब पार्टी कर रहे बदमाशों पर पड़ गई, जिसके बाद उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी।

किसी तरह से स्थानीय लोगों ने मामले को शांत कराया। शाम होते-होते सभी आरोपी फिर से लाठी-डंडा से लैस होकर वहां पहुंच गए और मारपीट करने लगे। परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट के दौरान बदमाशों ने 70 वर्षीय बिंदा लाल को बेरहमी से पीटा। सभी को अलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान बिंदा लाल की मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए हैं।

घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले के छानबीन में जुट गई है। पुलिस ने पीड़ित परिजनों का बयान दर्ज कर लिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। उधर, इस घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। मोहल्ले के लोगों ने पुलिस से मांग की है कि सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

### घर बैठे बनेगा बच्चों का आधार कार्ड

## मोबाइल नंबर और पता भी होगा अपडेट, जानिए क्या है नया अपडेट

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पटना, यदि अभी भी आपके बच्चे का आधार कार्ड नहीं बना है तो फिर अब आपको कहीं भी जाने की जरूरत नहीं है बल्कि अब घर बैठे हुए बड़े ही आसानी से आप अपने बच्चों का आधार कार्ड बनवा सकते हैं। दरअसल, बिहार में सात हजार डाकिया घर-घर जाकर बच्चों का आधार कार्ड बनाएंगे। इन डाकियों को इसके लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। सरकार ने इसके लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

जानकारी हो कि, वर्तमान में राज्य के अंदर दस हजार डाकिया कार्यरत हैं। फिलहाल 28 सौ डाकिया घर-घर जाकर मोबाइल किट से आधार कार्ड बना रहे हैं, लेकिन अब




इसकी संख्या बढ़ाई जाएगी। अब सात हजार और डाकियों को आधार कार्ड बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद डाकिया का चयन लिखित परीक्षा से होगी। परीक्षा पास करने पर उन्हें ऑथेंटिकेशन नंबर मिलेगा। इसके लिए डाक विभाग ने यूआईडी से अगले 40 दिनों के लिए तीन स्लॉट बुक की हैं। इस तिथि में डाकिया लिखित परीक्षा में शामिल होंगे। यह काम 30 सितंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। पांच साल तक के 10 लाख बच्चों का आधार कार्ड बनाने का लक्ष्य है। इसके लिए डाक विभाग विशेष तैयारी कर रहा है। डाक विभाग की मानें तो पांच साल तक एक लाख 60 हजार बच्चों का ही अब तक आधार बना है।

आपको बताते चलें कि, डाकिया से मोबाइल नंबर और घर का पता भी घर बैठे ही लोग अपडेट करा सकेंगे। इसकी भी सुविधा अब डाक विभाग देगा। इस काम के लिए अब डाक विभाग जाने की जरूरत नहीं होगी। हर बच्चे का आधार कार्ड बने, इसके लिए सात हजार डाकियों को लगाया जाएगा। सभी डाकिये को पहले प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके बाद उन डाकियों को आधार कार्ड बनवाने के लिए घर-घर भेजा जाएगा। दस लाख बच्चों का आधार बनवाने का लक्ष्य है।

### नदी में डूबे लोगों की तलाश जारी

## बगहा के गंडक नदी में बड़ा नाव हादसा, 6 लोग सवार थे

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

बगहा, बगहा के भितहा थाना क्षेत्र में गंडक नदी पार करते समय बड़ा नाव हादसा हुआ है। जानकारी के अनुसार नाव पर कुल 6 लोग सवार थे, जो नदी पार कर दियारा क्षेत्र में जा रहे थे. नाव हादसे के बाद सभी लोग नदी की तेज धारा में समा गये ! फिलहाल स्थानीय लोगों द्वारा तुरंत बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है और नदी में डूबे लोगों की तलाश जारी है। मिल रही जानकारी के मुताबिक ये हादसा उस वक्त हुआ, जब नाव अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई ! वहीं, इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है और लोग परेशान हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और कहा है कि बचाव कार्य तेजी से जारी है।